प्रपत्र–'अ'

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्र. 430 द्वारा श्रीमती नंदनी मरावी

कुण्डम विकासखण्ड के अन्तर्गत कुण्डम से सिलौड़ी मार्ग की जानकारी

स.क्र.	मार्ग का नाम	कुल लंबाई (कि.मी. में)	विभाग के अधीन कुल लंबाई (कि. मी. में)	म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अधीन कुल लंबाई (कि.मी. में)	विभाग के अधीन मार्ग की स्थिति	टीप
1	2	3	4	5	6	7
1	कुण्डम से सिलौड़ी मार्ग	17.26	2.10	15.16	विभाग के अधीन मार्ग के भाग का रखरखाव विभाग द्वारा संधारण मद अंतर्गत पेचिंग द्वारा निरन्तर किया जा रहा है। आवागमन निर्वाध रूप से जारी है।	

परिशिष्ट-1

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय

प्रश्न

वर्ग :- 4

उत्तर भेजने का दिनांक :- 13.07.2016

सदन में उत्तर देने का दिनांक :- 21.07.2016

विभाग का नाम :- लोक निर्माण विभाग

विषय:- कुण्डम से सिलौण्डी मार्ग निर्माण के संबंध में।

अतारांकित प्रश्न क्रमांक 430 श्रीमती नंदनी मरावी

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या कुण्डम विकासखण्ड के अधीन कुण्डम से सिलौण्डी मार्ग पूर्ण रूप से टूट चुका है? जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। इस मार्ग को बी.ओ.टी. मार्ग में शामिल करने हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा लिखा गया था?

(ख) प्रश्नांश (क) मार्ग के नव निर्माण की क्या योजना है? मार्ग के नव निर्माण कार्य कब तक, किस योजना के द्वारा, किस एजेंसी के माध्यम से पूर्ण करा लिया जावेगा?

उत्तर

(क) कुण्डम विकासखण्ड में कुण्डम से सिलौडी मार्ग के किमी. 0 से 15.16 किमी तक मार्ग एस.एच 22 सिमरिया खुर्दगवा मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मार्ग है। इस मार्ग पर पॉच वर्षीय संधारण अवधि 29.11.2014 को समाप्त हो चुकी है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है।

(ख) मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन को देखते हुए क्रस्ट उन्नयन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वर्तमान में मार्ग के क्रस्ट उन्नयन कार्य की निविदा प्रगति पर है। एजेंसी स्वीकृत होने पर मार्ग में क्रस्ट उन्नयन का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(बी०सी०सक्सेना)
महाप्रबंधक
म. प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियान्वयन इकाई जबलपुर